# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: nsscceraj@gmail.com Ph.:8377917640

क्रमांक : एफ.8(36)विविध /एनएसएस/आकाशि / 2022 / दिनांकः अक्टूबर, 2024

प्राचार्य,
समस्त राजकीय / निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :—दिवेर विजय महोत्सव के अन्तर्गत संभाग एवं राज्य स्तर पर भाषण प्रतियोगिता के आयोजन बाबत।

सन्दर्भ :—निदेशक, प्रताप गौरव केन्द्र .उदयपुर के पत्र क्रमांक PGK/636(B)/08092024

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि आयुक्तालय के पत्र क्रमांक एफ. 8(36)विविध /एनएसएस/आकाशि / 2022 / राजकाज रेंफरेंस नं. 10087986 के द्वारा राज्य के समस्त महाविद्यालयों में महाराणा प्रताप के कृतित्व एवं व्यक्तित्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित करवाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में उक्त भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों हेतु संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन निम्न महाविद्यालयों में दिनांक 05.10.2024 को ऑनलाइन माध्यम से किया जाना है—

| **क्र.स.** | **संभाग का नाम** | **संभाग स्तर पर प्रतियोगिता आयोजन हेतु आयोजक महाविद्यालय का नाम** |
|---|---|---|
| 1 | जयपुर | राजकीय महाविद्यालय, जयपुर |
| 2 | बीकानरे | डुंगर राजकीय महाविद्यालय, बीकानेर |
| 3 | जोधपुर | राजकीय महाविद्यालय, जोधपुर |
| 4 | अजमेर | राजकीय महाविद्यालय, अजमेर |
| 5 | भरतपुर | एम.एस.जे. राजकीय महाविद्यालय, भरतपुर |
| 6 | कोटा | जे.डी.बी. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा |
| 7 | उदयपुर | राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर |

उपरोक्त आयोजक महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता के ऑनलाइन आयोजन हेतु लिंक निर्माण करके अपने संभाग से संबंधित महाविद्यालयों को प्रेषित कर, प्रतिभागियों को भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें। साथ ही संभाग स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की सूची अविलंब आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान की ई—मेल आई.डी. nsscceraj@gmail.com पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करे। महाराणा प्रताप के कृतित्व एवं व्यक्तित्व विषय पर आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों हेतु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन, परिणामों की घोषणा तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम दिनांक 07.10.2024 को प्रातः 11.00 बजे प्रताप गौरव केन्द्र "राष्ट्रीय तीर्थ" .उदयपुर में किया जायेगा।

संलग्न— सन्दर्भित पत्र

(डॉ. ओम प्रकाश बैरवा)
आयुक्त

प्रतिलिपि —

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय उप मुख्यमंत्री, (उच्च शिक्षा) राजस्थान सरकार के अशा. टीप उ.मुमं. (पी) / 2024—25 / आर—2574 जयपुर दिनांक 28.08.2024 के क्रम में सूचनार्थ
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
5. जिला समन्वयक, एनएसएस अपने जिले से संबंधित प्रतिभागियों का संभाग स्तरीय ऑनलाईन प्रतियोगिता में भाग लेना सुनिश्चित करे।
6. निदेशक, प्रताप गौरव केन्द्र, "राष्ट्रीय तीर्थ" उदयपुर।
7. वेब साईट प्रभारी, आयुक्तालय को अपलोड / ई—मेल बाबत।

RajKaj Ref
10899055

(डॉ. ओम प्रकाश बैरवा)
आयुक्त

Signature valid
Digitally signed by Om Prakash Bairwa
Designation : Commissioner
Date: 2024.10.02 16:29:55 IST
Reason: Approved

आयुक्त महोदय,
कॉलेज शिक्षा राजस्थान,
जयपुर,

पत्रांक : PGK/636(B)/08092024
दिनांक : 08 सितम्बर, 2024

विषय : 'दिवेर विजय महोत्सव' हेतु महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में संभाग स्तर एवं राज्य स्तर की भाषण प्रतियोगिता कराने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : एफ.8 (36)विविध/एनएसएस/आकाशि/2022/

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रताप गौरव केंद्र द्वारा आयोजित 'दिवेर विजय महोत्सव'के अंतर्गत होने वाली भाषण प्रतियोगिता हेतु सभी महाविद्यालयों को पत्र प्रेषित कर निर्देशित करने के लिए हम आपका आभार व्यक्त करते हैं।

इसी सन्दर्भ में आगे लेख है कि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में होने वाली भाषण प्रतियोगिता के प्रथम चरण में महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित तीन श्रेष्ठ प्रतिभागियों की संभाग स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु सभी संभागों में संभाग मुख्यालय पर नोडल महाविद्यालय सुनिश्चित कर संभागीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित करने के सम्बन्ध में निर्देशित करता हुआ परिपत्र जारी करने की कृपा करें। इसी क्रम में सभी महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा कराई गयी प्रतियोगिता में चयनित श्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों की सूची भी नोडल महाविद्यालयों को भेजी जावे, जिससे आगामी 30 सितम्बर से 04 अक्टूबर 2024 के मध्य उक्त प्रतियोगिता संभाग स्तर पर संपन्न हो सके। उक्त संभाग स्तर की भाषण प्रतियोगिता में चयनित तीन श्रेष्ठ प्रतिभागियों की सूची कार्यालय, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान तथा प्रताप गौरव केंद्र को भी भेजना सुनिश्चित कराने की कृपा करें।

इसी क्रम में यह निवेदन है कि संभाग स्तर पर चयनित तीन प्रतिभागियों की राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता 7 अक्टूबर 2024 प्रातः 11 बजे प्रताप गौरव केंद्र में किया जाना प्रस्तावित है तथा उसी दिन सायंकाल सार्वजनिक समापन कार्यक्रम में इस भाषण प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा कर पुरुस्कार वितरण संपन्न होगा।

पुनश्च आपसे प्रार्थना है कि दिवेर विजय महोत्सव के पुनीत कार्यक्रम में आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु उपरोक्त दिशा निर्देश सम्बन्धित महाविद्यालयों एवं सक्षम अधिकारियों को करने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

सादर

निवेदक

अनुराग सक्सेना
निदेशक
प्रताप गौरव केन्द्र "राष्ट्रीय तीर्थ"

संलग्न :

1. पत्रांक : PGK/602/10082024
2. पत्रांक : एफ.8 (36)विविध/एनएसएस/आकाशि/2022/